DELHI INTERNATIONAL SCHOOL EDGE
Recognized Sr. Secondary School, Affiliated to C.B.S.E. (2730828)
Sector-18, Dwarka, New Delhi – 110075

Circular No. DISE/PC/2022-23/48 Date : 24th August, 2022

"मुंशी प्रेमचंद - सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ता सम्मान "
प्रथम चरण प्रतियोगिता हेतु
कक्षा वर्ग - 6 से 11वीं तक

"कविता विद्यार्थियों में सौंदर्य भावना पैदा करती है व छात्रों की भावनाओं का परिष्करण करती है। "
हैडो महान शिक्षाविद्

प्रिय अभिभावक गण ,

कविता कवि की भावनाओं का उद्‌घाटन है , कविता कवि की संवेदना का प्रवाह है , कविता जीवन को नई चेतना प्रदान करने का अनूठा माध्यम है | कविता प्रकृति से तादात्मय या आंतरिक सौंदर्य का उद्वेलन है | अत: कह सकते हैं कि कविता हृदय की सौन्दर्य व भावयुक भिव्यक्ति होती है | कविता वाचन विद्यालय पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग है जिसके माध्यम से छात्र भाषा के विभिन्न अव्यवों के बारे में जानकर, संसार में व्यापत सुख – दुख, आनंद, शांति, देशभक्ति, प्रकृतिप्रेम आदि का यथार्थता पूर्ण अनुभव कर पाते हैं |

मुंशी प्रेमचंद – सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ता सम्मान का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा | प्रत्येक स्तर छात्रों में भाषा के अनेक कौशलों का आकलन करता है | प्रथम चरण में चयानित छात्र ही द्वितीय व तृतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे | <u>प्रथम चरण अंत: कक्षा प्रतियोगिता है और सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है</u> | हिंदी विभाग सभी छात्रों को मुंशी प्रेम चंद सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ता सम्मान के प्रथम चरण की प्रतियोगिता (Munshi Premchand Award, Round - I) " कविता वाचन" (Poetry Recitation) के लिए आमंत्रित करता है |

कार्यक्रम निर्धारण :-

क्रम संख्या	**कक्षा**	**दिनांक व वार**	**समय**	**निर्धारित कवियों में से <u>कोई भी एक</u> कविता का चयन**	**चयन के लिए आवश्यक मापदंड हैं :-**
1	कक्षा छह व सात	1 सितंबर, 2022 गुरुवार	जीरो व पहला कालांश	महादेवी वर्मा सुमित्रानंदन पंत हरिवंश राय बच्चन	• भाषा प्रवाह (10) • उच्चारण व शुद्धता (10) • प्रस्तुतिकरण (10) • शारिरिक भाव भंगिमा (10) • भाषा प्रयोग (10)
2	कक्षा आठ व नौ	2 सितंबर, 2022 शुक्रवार	जीरो व हिन्दी कालांश	सूर्यकांत त्रिपाठी निराला रवींद्रनाथ टैगोर महावीर प्रसाद द्विवेदी	
3	कक्षा दस व ग्यारह	2 सितंबर, 2022 शुक्रवार	जीरो व हिन्दी कालांश	अमृता प्रीतम श्रीधर पाठक अयोध्या सिंह उपाध्याय	

प्रतियोगिता के प्रथम चरण संबंधित निर्देश :-

1) छात्रों को कविता वाचन के लिए दो मिनट का समय दिया जाएगा |
2) छात्र परिचय को समय सीमा में शामिल नहीं किया जाएगा |
3) **<u>निर्णायकगणों का निर्णय अंतिम माना जाएगा |</u>**

Monika Dogra
HoD Hindi

Gurjeet Kaur
Co Curricular Coordinator

Anubha Srivastava
Principal